सार-समाचार

विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

कोटा, (निसं)। नयागांव स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी प्रथम, द्वितीय वर्ष के इंजीनियरिंग, बीसीए एवं बीबीए विद्यार्थियों ने सुपर थर्मल पावर स्टेशन, श्रीराम रेयॉन, आई स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर एवं सरस डेयरी प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। चेयरमैन सुशील मोदी ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऊर्जा उत्पादन और पावर प्लांट की कार्यप्रणाली के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना होता है इसी के साथ छात्रों ने पावर स्टेशन के विभिन्न विभागों कि कार्यप्रणाली को देखा और वहां कार्यरत इंजीनियरों से पावर उत्पादन की प्रक्रिया, संयंत्र संचालन, सुरक्षा प्रोटोकॉल और पर्यावरण संरक्षण के उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्रीराम रेयॉन दौरे के दौरान, छात्रों ने रेयॉन उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत इंजीनियरों एवं प्रबंधकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने उन्हें संयंत्र के विभिन्न विभागों जैसे रॉ मटेरियल प्रोसेसिंग, प्रोडक्शन लाइन, क्वालिटी कंट्रोल और पैकेजिंग के बारे में विस्तार से बताया। आई स्टार्ट नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर में छात्रों को स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध सुविधाओं, निवेश अवसरों और व्यवसायिक योजनाओं के निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया और उन्हें अपनी इनोवेटिव आइडियाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद बीबीए के छात्रों ने सरस डेयरी प्लांट का दौरा किया, जहां उन्होंने डेयरी उत्पादन, प्रसंस्करण, और पैकेजिंग की प्रक्रियाओं को करीब से देखा। सरस डेयरी के अधिकारियों ने उन्हें गुणवत्ता प्रबंधन और उत्पाद की शुद्धता बनाए रखने के तरीकों के बारे में बताया।

आर.ओ. व वाटर कूलर का लोकार्पण

अन्ता, (निसं)। क्षेत्र ग्राम अमलसरा राजकिय उच्च माध्यमिक विधालय मे मुख्य अतिथि प्रखर कौशल पचायत समिति प्रधान अन्ता द्वारा विधालय प्रागण मे पोधारोपण स्कावट छात्रो का अभिनन्दन व सी एफ सी एल गढेपान द्वारा अनुदानित आरओ सिस्टम मय वाटर कुलर का लोर्कापण किया तथा विद्यालय प्रागण मे इन्टर लोकिंग लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गान के साथ सास्कृतिक कार्यक्रम व मधुर गान के साथ मनमोहन प्रस्तुती देते हुए आये हुए अतिथियों का मन मोहा। इस अवसर पर प्रधान कोशल द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए विधालय की साफ सफाई व सोन्दर्य करण के लिए समस्त स्टाफ को धन्यवाद दिया व बच्चो को शिक्षा का महत्व बताते हुऐ शिक्षा ही दुनिया का सबसे शक्तिशाली बृह्मा अस्त्र बताते हुए शिक्षा पर जोर दिया जनप्रतिनिधि सुरेन्द्र मेघवाल पंचायत समिती सदस्य व सी एफ सी एल गढेपान के प्रतिनिधि सहित ग्राम के वरिष्ट जन सहित विधालय परिवार व समस्त छात्रा छात्राऐ उपस्थित रहैअन्त मे विधालय परिवार की तरफ से सभी अतिथियो का धन्यवाद व्यक्त करते हुऐ सी एफ सी एल गढेपान की तरफ से आय प्रतिनिधियों को विधालय के लिए दिये अहम योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

पालनहार शिविर आयोजित

रामगंजमण्डी (निसं)। जिला प्रशासन कोटा व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को पंचायत समिति परिसर खैराबाद में घुमंतू समुदाय सहायता शिविर एवं मिशन पालनहार शिविर आयोजित किया गया।शिविर में घुमंतू समुदाय के आधार कार्ड जन आधार कार्ड मतदाता पहचान प्रमाण पत्र व दिव्यांग प्रमाण पत्र इत्यादि तैयार कराए गए।घुमंतू समुदाय के 45 व्यक्तियों को घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र शिविर में ही जारी किए गए।साथ ही पालनहार योजनांतर्गत वार्षिक सत्यापन कराया गया।प्रधान कलावती मेघवाल प्रदेश सह सयोंजक सैनिक प्रखोष्ट ओम फौजी पंचायत समिति सदस्य जयवीर सिंह नवनीत पारेता सरपंच बाबूलाल लोधा द्वारा शिविर में मौके पर ही घुमंतू समुदाय की बालिका को व्हीलचेयर भी वितरित की गई।उपखंड अधिकारी श्रीमती नीता वसीटा विकास अधिकारी समय सिंह मीणा तहसीलदार श्रीमती नेहा वर्मा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी निशांत सिंह एवं काना राम जाट तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।अन्य विभागीय प्रतिनिधियों में छात्रावास अधीक्षक अंकित मीणा श्याम सुंदर खटाना एवं कनिष्ठ सहायक गणेश नारायण गुर्जर उपस्थित रहे।

भवन निर्माण स्वीकृति समिति की बैठक

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण की गुरूवार को भवन निर्माण समिति की बैठक समिति अध्यक्ष महापौर राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति बैठक में मुख्य रूप से भवन निर्माण स्वीकृति की 8 पत्रावलियों पर चर्चा किये जाने के बाद भवन विनियमानुसार सशुल्क भवन निर्माण स्वीकृति दिये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। महापौर राजीव अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 500 मीटर तक निर्माण करने पर ऑनलाईन स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया है। जिसके कारण समिति की बैठक में इससे अधिक की पत्रावलियाँ होने के कारण समिति की बैठक में रखे जाने का प्रावधान है। भवन समिति स्वीकृति बैठक में सदस्य पार्षद पी.डी. गुप्ता, जियाउद्दीन, अनुराग गौतम, दिलीप सिंह नायक, आयुक्त अनुराग भार्गव, उपायुक्त (प्रथम) महेश गोयल, वरिष्ठ नगर नियोजक अमित व्यास, उप नगर नियोजक सत्यनारायण राठौर, वरिष्ठ प्रारूपकार कुमार गौरव उपस्थित रहें।

अफीम तस्करों को पांच वर्ष का कारावास

कोटा, (निसं)। अफीम तस्करी में मामले में एनडीपीएस एक्ट न्यायालय ने अफीम तस्करी के दो आरोपीयों को दोषी मानते हुए, पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने बताया कि 12 अक्टूबर 2019 को जीआरपी पुलिस ने कोटा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 पर खड़ी ट्रेन कोटा-गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन से दो शख्सों को डिटेन किया। पूछताछ करने पर उन्होने अपना नाम बालू सिंह और ईश्वर सिंह निवासी पिपलिया मोहम्मद थाना गरोठ जिला मंदसौर मध्य प्रदेश का होना बताया पुलिस ने जब दोनों की तलाशी ली तो, दोनों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुये दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले में सुनवाई के दौरान 9 गवाह और 49 दस्तावेज पेश हुए।

दिवंगत पिता का नेत्रदान कराया

बून्दी (निसं) ।सिंधी समाज में नेत्रदान के प्रति तेजी से बढ़ती जागरूकता के चलते अब परिजन स्वयं ही नेत्रदान के लिए आगे आने लगे हैं।शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र महेश चांदवानी ने बताया दिसंबर माह का यह बूंदी में तीसरा नेत्रदान है। दोपहर गुरुद्वारे वाली गली, गुरु नानक कॉलोनी निवासी राम लक्ष्मण वरयानी का आकस्मिक निधन हुआ। बूंदी क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश बिलोची ने दिवंगत के पुत्र गोपेश मनीष रवि और राकेश को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। सहमति मिलते ही संस्था के ज्योति मित्र, इदरीस बोहरा की सूचना पर कोटा से आकर डॉ कुलवंत गौड़ ने तय समय पर नेत्रदान की प्रक्रिया परिवार के सभी सदस्यों के बीच में संपन्न करवाई। डॉ गौड़ ने राम लक्ष्मण के पार्थिव शव से कॉर्निया संकलित किये और उन्हें जयपुर आई बैंक को भिजवाया। नेत्रदान के कार्य में अभिषेक कोठारी और महेश चांदवानी का सहयोग रहा।

अभिभाषक परिषद के चुनाव आज

रामगंजमण्डी (निसं)। अभिभाषक परिषद रामगंजमण्डी के चुनाव शुक्रवार को मतदान सम्पन्न होगा। इसके लिए मंगलवार को नामांकन दाखिल किये गये थे।अध्यक्ष पद के लिए चन्दन गुप्ता व जगदीश चन्द धाकड़ उपाध्यक्ष पद के लिए जीवन गंगवाल व रंगलाल मेघवाल एवं सचिव पद के लिए प्रदीप अहीर व नरेश मीणा के बीच सीधा मुकाबला हैचुनाव अधिकारी मदनमोहन धूपड एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी नसरूदीन एडवोकेट व एडवोकेट विलमा फ्रांसिस ने बताया कि अभिभाषक परिषद के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के चुनाव 13 दिसंबर शुक्रवार को सम्पन्न होने हैचुनाव में कुल 81 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रात: 11 से 3 बजे तक मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे।

परीक्षा ऑनलाइन आवेदन शुरू

छबड़ा (निसं)। स्ववितपोषित कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष व एमए प्रथम सेमेस्टर मे नियमित एवं स्वयंपाठी छात्र-छात्राओं के लिए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा-2025 (दिसंबर 2024) के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया हैं। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा के अनुसार नामांकन एवं पात्रता परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ 12 से 18 दिसम्बर तक, 100 रूपए विलंब शुल्क के साथ 19 से 23 दिसम्बर तक, परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क के साथ 24 से 28 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करने की तिथि 12 से 2 जनवरी 2025 हैं।

सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं पंच गौरव प्रदर्शनी का शुभारंभ

- ऊर्जा मंत्री ने उद्घाटन कर अवलोकन किया

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में गुरूवार को किया गया। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में हुए नवाचारों, विकास कार्यों को फोटो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा भी विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी में दर्शाया गया। ऊर्जा मंत्री ने इस अवसर पर पंच गौरव प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया।

जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन कर मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजस्थान प्रवास, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर किए गए महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान, हरियालों राजस्थान, लखपति दीदी, रोजगार उत्सव, किसान सम्मान निधि, मां वॉउचर योजना सहित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

वहीं, जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के सानिध्य में हुए राज्य स्तरीय एवं जिला स्तर के कार्यक्रमों के फोटोग्राफ प्रदर्शनी में दर्शाए गए। मुख्य अतिथि ने सभी विभागों की स्टॉल पर जाकर विभागीय योजनाओं की उपलब्धि एवं नवाचारों को देखा और उनके बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, जन प्रतिनिधि राकेश जैन एवं अन्य गणमान्य जन, जिला कलक्टर रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, शहर अनिल सिंघल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्घोषणा संज्ञा शर्मा ने की। प्रदर्शनी में पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, जल संसाधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सहकारिता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, सूचना प्रौद्योगिकी, जिला परिषद सहित विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी लगाई। नगर निगम की प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विभिन्न उत्पाद बनाने का लाइव डेमो दिया।

राज्य सरकार के नवाचार ''पंच गौरव'' के अंतर्गत कोटा जिले के पंच गौरव में एक उपज धनिया, एक प्रजाति खैर, एक गंतव्य चम्बल रिवर फ्रंट, एक खेल कुश्ती एवं एक उत्पाद कोटा डोरिया को चुना गया है। इन पंच गौरव का राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया। पंच गौरव प्रदर्शनी में वन विभाग द्वारा एक प्रजाति खैर के अंतर्गत खैर वृक्ष की विशेषताओं और औषधियों गुणों की जानकारी प्रदर्शित की गई। वहीं, खैर के गोंद से निर्मित लड्डू, पाक इत्यादि प्रदर्शित किए गए। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा चम्बल रिवर फ्रंट के विभिन्न दृश्यों और विशेषताओं को दर्शाया गया। कृषि विभाग द्वारा एक उपज धनिया के गुणों, इसकी विभिन्न किस्मों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही, धनिए से निर्मित पंजीरी, मिठाई इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। एक उत्पाद कोटा डोरिया के वस्त्रों का प्रदर्शन जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से बुनकरों द्वारा किया गया।

एक खेल कुश्ती के बारे में विभिन्न जानकारियां खेल विभाग की स्टॉल पर प्रदर्शित की गई। आरम्भ में मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एवं अन्य अतिथियों का जिला प्रशासन के अधिकारियों, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उप निदेशक मोहम्मद मुस्तफा शेख, सहायक निदेशक रचना शर्मा, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा, सहायक लेखाधिकारी प्रथम देवेन्द्र सिंह चौहान ने स्वागत किया। सहायक प्रशासनिक अधिकारी नितेन्द्र सिंह चौहान, वरिष्ठ सहायक राजेश गुर्जर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी ने भी महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में लगाई गई जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी देखी एवं सभी विभागों की स्टॉल पर जाकर अवलोकन करते हुए विभागीय योजनाओं एवं दर्शाए गए उत्पादों की जानकारी ली और सराहना की। जिला स्तरीय प्रदर्शनी 15 दिसम्बर तक चलेगी। इस दौरान जन प्रतिनिधि सहित आमजन प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में किसान सम्मेलन का जिला स्तरीय आयोजन 13 दिसम्बर, शुक्रवार को प्रात: 10 बजे महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में किया जाएगा और 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन का जिला स्तरीय आयोजन सिआम ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

रैन बसेरों का निरीक्षण किया

बूंदी, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा जिला मुख्यालय पर स्थित आश्रय स्थल, देवपुरा, रेन बसेरा छत्रपुरा व रेन बसेरा, सामुदायिक भवन, लंका गेट का औचक निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि रैन बसेरों में उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं जैसे आवासीयों के लिए दरी, गद्दे, रजाई, कम्बल, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय एवं स्नानघर, महिलाओं व पुरूषों के लिए रहने की अलग-अलग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, चिकित्सक सुविधा, अग्निशमन प्रणाली व्यवस्था, रोग वाहक कीट नियंत्रण तंत्र की व्यवस्था, न्यूनतम दर पर भोजन की व्यवस्था, बच्चों, विशेष योग्यजनों, विमंदितों, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों हेतु विशेष सुविधाओं की व्यवस्था, सुरक्षाकर्मी, आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। उन्होंने आश्रय स्थल के रजिस्टर नियमित संधारित किया जाए। रैन बसेरों में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाई गई। स्नान हेतु मौसम अनुकूल पानी की व्यवस्था, विशेष योग्यजनों, वरिष्ठ नागरिकों हेतु विशेष सुविधाओं सहित विभिन्न बिन्दुओं का अभाव पाया गया। उन्होंने रैन बसेरों के प्रभारी/केयरटेकर को निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों को दुरुस्त किए जाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कि कोई व्यक्ति खुले बाजार या दुकान पर नहीं सोए। सर्दी से बचाव के लिए नगर परिषद ने देवपुरा, छत्रपुरा व लंका गेट पर रैन बसेरे खोल रखे है, जिनमें कोई भी व्यक्ति रात्रि बसर कर सकता है।

ऑपरेशन के लिए खूनदान किया

कोटा, (निसं)। आकस्मिक ट्रक मोटर साइकिल दुर्घटना में एक सप्ताह पहले दोनों पांव टूट जाने के बाद से ही मेडिकल कॉलेज में भर्ती पप्पू का उपचार चल रहा था और ऑपरेशन के समय ब्लड की जरूरत पड़ने पर डेरा सच्चा सौदा की सेवादार बहिन रेखा इंसा ने रक्तदान कर पप्पू के उपचार में मदद की। सेवादार राजेंद्र सिंह हाड़ा के अनुसार एक सप्ताह पूर्व पप्पू का खेराबाद के समीप दुर्घटना में दोनों पांव टूट गए थे तब से ही मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। उस समय भी बहिन रेखा इंसा ने इंसानियत का फर्ज निभाते हुए डेरा सच्चा सौदा की सेवादार बहिन निर्मला इंसा को अपने साथ ले जाकर आपातकालीन स्थिति में रक्तदान करवाकर मदद की थी। फिर दुबारा जरूरत पड़ने पर स्वयं बहिन रेखा ने पप्पू के लिए रक्तदान कर पांव के ऑपरेशन में मदद की।

महाकुम्भ मेला के अवसर पर सोगरिया से बनारस स्पेशल ट्रेन चलेगी

- मंडल के अन्ता, बारां, अटरू एवं छबरा गुगोर स्टेशनों से होकर कुम्भ स्पेशल गुजरेगी

कोटा, (निसं)। यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09801 / 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य 7-7 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस गाड़ी में 5 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 7 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 2 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएलआर एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच होंगें।

गाड़ी संख्या 09801 / 09802 सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य स्पेशल ट्रेन सोगरिया से मंगलवार एवं शुक्रवार को 17, 21, 24 जनवरी, 7, 14, 18 एवं 21 फरवरी, 2025 को तथा बनारस से बुधवार एवं शनिवार 18, 22, 25 जनवरी, 08, 15, 19, एवं 22 फरवरी, 2025 को चलेगी। गाड़ी सं 09801 सोगरिया से बनारस के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 8.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 10.15 बजे बनारस पहुँचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09802 बनारस से सोगरिया के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दोपहर 14.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 15.45 बजे सोगरिया पहुँचेगी।

गाड़ी के हाल्ट:- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सोगरिया से बनारस के बीच अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, मूंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा का लाभ लें।

शिक्षा सामग्री किट वितरित

अंता (निसं)। कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक शिक्षा की दो ट्रेड अपेरल मेड अप और होम फर्निशिंग तथा इलेक्ट्रोनिक्स एंड हार्डवेयर की सामग्री वितरण की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर में कक्षा 10 में 12 छात्राओं को तथा कक्षा 12 में 9 छात्र-छात्राओं को तथा एपेरल मेड अप एवं होम फर्निशिंग में कक्षा 10 में 16 तथा कक्षा 12वीं में 21 छात्र-छात्राओं को सिलाई मशीन तथा व्यावसायिक सामग्री किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य रामकल्याण वर्मा, अब्दुल कयूम अकील अहमद धीरज निर्माण स्टाफ एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक मौजूद रहे।

कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांक:एफ 7/ डी.टी.पी./2024/2176-80 दिनांक: 11-12-2024

—:: विज्ञप्ति ::—

राज्य सरकार द्वारा भू उपयोग परिवर्तन के बनाए गए नियमों/ प्रपत्रों के अंतर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24/02/2021 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु न्यास में विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखंड/खसरा सं. व योजना/ग्राम का नाम	मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)
1	श्री अजय कुमार मीणा, मुख्य प्रबंधक कोटा, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम कोटा, आगार	खसरा संख्या 63 (पार्ट) ग्राम छत्रपुरा (रामचंद्रपुरा)	बस स्टैंड	व्यवसायिक (पेट्रोल पंप)	1089 (वर्ग मीटर)

सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)

क्रमांक:- ननिको(उ.)/जनस्वा./2024/311-321 दिनांक:- 10.12.2024

-:: ई-निविदा सूचना ::-

नगर निगम कोटा उत्तर के निम्न कार्य हेतु (E-Tendering) के माध्यम से आमंत्रित है, ई-निविदा N.G.O./Animal Wellfair organization Recognized by the A.W.B.I से अथवा ऐसे संस्थान जो कार्यादेश जारी हाने से पूर्व उक्त पंजीयन प्राप्त कर सके/निविदा से संबंधित प्रपत्र शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा को इसी वेबसाईट ऑनलाईल भरी जानी है। निविदा की जानकारी नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाईट www.Kotamc.org पर भी देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु नगर निगम कोटा उत्तर के प्रशासनिक भवन में कमरा नं 303 में सम्पर्क कर सकते है।

अनुमानित राशि 97,00,000/- रूपये।
UBN :-DLB2425SLOB13148
NIB :-DLB2425A4294

अति० आयुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/24/8977

आईजेएसओ में एलन स्टूडेंट्स को 4 गोल्ड मैडल

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। 21वें इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड (आईजेएसओ) में एलन के 4 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने गोल्ड मैडल जीते हैं। भारतीय टीम ने 6 गोल्ड मैडल जीते हैं, जिसमें से चार स्टूडेंट्स एलन से हैं। आईजेएसओ में 57 देशों ने भाग लिया।

एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि रोमानिया में 2 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुए 21वें आईजेएसओ में एलन के चार क्लासरूम स्टूडेंट्स ने गोल्ड मैडल हासिल किए हैं। इनमें हर्षित सिंगला, जिनांश जिग्नेश शाह, मानस गोयल एवं प्रणीत माथुर शामिल हैं। भारतीय टीम में 6 स्टूडेंट्स शामिल थे। डॉ. माहेश्वरी ने बताया कि आईजेएसओ की परीक्षा पांच चरणों में होती है। पहले चरण एनएसईजेएस के बाद एलन के 51 स्टूडेंट्स का चयन दूसरे चरण आईएनजेएसओ के लिए हुआ। 31 स्टूडेंट्स का चयन तीसरे चरण ओसीएससी के लिए हुआ। इसके बाद आईजेएसओ फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए छह सदस्यीय टीम की घोषणा की गई, जिनमें से चार विद्यार्थी एलन के थे। चारों ने फाइनल में गोल्ड मैडल हासिल किए। इस साल छह गोल्ड मैडल के साथ भारत को कंट्री विनर यानी वर्ल्ड टॉपर भी घोषित किया गया है।माहेश्वरी ने बताया कि 2015 से अब तक इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलम्पियाड में 38 गोल्ड और 5 सिल्वर मैडल जीते हैं। आईजेएसओ 2014-15 में दो गोल्ड व एक सिल्वर, 2015-16 में चार गोल्ड, 2016-17 में चार गोल्ड, दो सिल्वर, 2017-18 में चार गोल्ड, एक सिल्वर, 2018-19 में छह गोल्ड, 2020-21 में चार गोल्ड, 2021-22 में पांच गोल्ड एवं 2022-23 में पांच गोल्ड एवं एक सिल्वर मैडल एवं 2023-24 में चार गोल्ड मैडल हासिल किए हैं।

'एक वर्ष में क्या विकास हुआ है जनता से ही पूछ ले सरकार'

कोटा, (निसं)। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 1 साल के कार्यकाल और मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल के विकास के बारे में सरकार ढिंढोरा पीटने के बजाय सीधे जनता से ही पूछ ले की से 1 साल में कोटा शहर में क्या विकास कार्य हुए हैं।

पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से कांग्रेस के विधायक शांति धारीवाल ने सरकार के 1 साल के कार्यकाल को लेकर कहा है कि विकास के नाम पर कोटा में कहीं एक ईंट भी नहीं रखी गई, जहां हम छोड़ कर गए थे उसके आगे कोई काम नहीं हुआ उल्टा विकास कार्यों की इस 1 साल में अनदेखी हुई है जिससे जन उपयोगी विकास कार्य दुर्दशा के शिकार हो रहे हैं। विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि जब से सरकार बदली हैं मानो बदले की भावना से सरकार काम कर रही है कांग्रेस पार्टी के पार्षदों के साथ भी भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है भाजपा वाले भी अपना काम करवाने में सक्षम नजर नहीं आ रहे सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है और अगर वाकई इन्होंने एक साल में कोई काम किया है तो उसकी तैयार करवाई गई डीपीआर ही बता दें, क्योंकि कोई विकास का प्रोजेक्ट है ही नहीं तो कोई डीपीआर भी साल भर में कैसे तैयार हुई होगी। धारीवाल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार रिपीट होती तो विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवर फ्रंट सहित कोटा को पर्यटन नगरी बनाने के दिशा में किए गए कार्यों का विस्तार किया जाता कोटा को पर्यटन नगरी के रूप में देश और दुनिया में पहचान दिलवाई जाती कोटा की अर्थव्यवस्था और रोजगार को बढ़ावा मिलता लेकिन भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है कोटा को पर्यटन नगरी बनाने की दिशा में इसे 1 साल में कोई प्रयास नहीं किया गया, उल्टा विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों की अनदेखी की जा रही है।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4448 जाहिर आम सूचना दिनांक - 12.12.24

आवास संख्या 1-फ-7 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती दमयन्ती बैजल पत्नी श्री रघुनाथ दास बैजल को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती दमयन्ती बैजल पत्नी श्री रघुनाथ दास बैजल के नाम दिनांक 08.05.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। श्रीमती दमयन्ती बैजल की मृत्यु दिनांक 30.05.2010 को एवं इनके पति श्री रघुनाथ दास बैजल की मृत्यु दिनांक 28.07.2006 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर दिनांक 17.10.2016 को श्री अशोक कुमार बैजल पुत्र स्व. श्री रघुनाथ दास बैजल के नाम किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री अशोक कुमार बैजल की मृत्यु दिनांक 30.04.2021 को एवं इनके पुत्र श्री कल्पित बैजल की मृत्यु दिनांक 07.06.2011 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु हो जाने के पश्चात इनके वारिसानों में श्रीमती प्रभा बैजल पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार बैजल एवं ऋचा बैजल पुत्री स्व. श्री अशोक कुमार बैजल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-फ-7 दादाबाड़ी कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षति